भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

**लोक सभा**

तारांकित प्रश्न संख्या 296
21 मार्च, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

**मछली उतरान केन्द्र**

***296. श्री एम.वी.वी. सत्यनारायण:**

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आन्ध्र प्रदेश में मछली उतरान केन्द्रों की प्रगति का ब्यौरा क्या है;
(ख) इस परियोजना से रोज़गार में हुई वृद्धि का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या आन्ध्र प्रदेश में ऐसे और मछली उतरान केन्द्र प्रस्तावित हैं; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री**

**(श्री परशोत्तम रूपाला)**

(क) से (घ) : एक विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

*****

**मछली उतरान केन्द्र के संबंध में 21 मार्च, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए श्री एम.वी.वी. सत्यनारायण, माननीय संसद सदस्य (लोक सभा) द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 296 के उत्तर में संदर्भित विवरण।**

(क) से (घ) : मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत मत्स्यन बंदरगाह और मछली उतरान केंद्रों का विकास उन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक है जिनकी परिकल्पना की गई है और जिनके लिए सहायता दी जा रही है । आंध्र प्रदेश राज्य में 974 किमी की तट रेखा के साथ कुल 350 अधिसूचित समुद्री मछली उतरान केंद्र हैं । 2015-16 में नीली क्रांति योजना की शुरुआत से पहले विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आंध्र प्रदेश राज्य से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर इन अधिसूचित मछली उतरान केंद्रों में से अब तक 38 मछली उतरान केंद्रों को मत्स्यन बंदरगाह और मछली उतरान केंद्रों के रूप में विकसित करने के लिए लिया गया है। इसमें 85.42 करोड़ रुपये की कुल लागत पर 5 मत्स्यन बंदरगाह (i) विशाखापत्तनम, (ii) काकीनाडा, (iii) निजामपट्टनम, (iv) भावनापड्डु और (v) मछलीपट्टनम और (vi) 21 मत्स्य लैंडिंग केंद्रों का निर्माण करना शामिल है । निर्माण कार्य पूरा कर लिए गए मत्स्यन बंदरगाह और मछली उतरान केंद्रों का विवरण अनुबंध- I में प्रस्तुत किया गया है ।

नीली क्रांति योजना की शुरुआत के बाद से, मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने अपनी विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल 13 (तेरह) मत्स्यन बंदरगाहों / मछली उतरान केंद्रों के विकास के लिए आंध्र प्रदेश राज्य से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर 2956.16 करोड़ रुपये की कुल लागत पर मंजूरी दी है। अनुमोदित मत्स्यन बंदरगाह/मछली उतरान केंद्र परियोजनाओं का योजना-वार विवरण अनुबंध-II में दिया गया है।

मत्स्यन बंदरगाह / मछली उतरान केंद्र परियोजनाएं विविध लाभ सृजित करती है, जैसे मछलियों की सुरक्षित उतराई, बर्थिंग और शेल्टर सुविधाएं, क्षेत्र में मत्स्य उत्पादन में वृद्धि, मत्स्यन बंदरगाह / मछली उतरान केंद्रों के आसपास सहायक मात्स्यिकी उद्योगों की वृद्धि, निर्माण और निर्माण के बाद रोजगार के पर्याप्त अवसरो का सृजन, क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि जिससे मछुआरों और स्थानीय आबादी की सामाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार । ऐसा अनुमान है कि इन 13 मत्स्यन बंदरगाह / मछली उतरान केंद्र परियोजनाओं के कार्यान्वयन से लगभग 55000 स्थानीय आबादी के लिए लाभ/रोजगार के अवसर सृजित होंगे ।

आंध्र प्रदेश ने पत्तन, पोत्त परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय की सागरमाला योजना के अंतर्गत केंद्रीय वित्तीय सहायता के साथ चरण-1 के रूप में 12 मछली उतरान केंद्रों पर लैंडसाइड सुविधाओं के साथ फ्लोटिंग जेटी का प्रस्ताव दिया है । इन 12 मछली उतरान केंद्रों का विवरण अनुबंध-III में दिया गया है।

इसके अतिरिक्त , आंध्र प्रदेश सरकार ने पीएमएमएसवाई के अंतर्गत 26 जिलों में अन्य 200 मछली उतरान केंद्रों (168 समुद्री और 32 जलाशयों) में इनफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण का प्रस्ताव दिया है। राज्य ने पीएमएमएसवाई के अंतर्गत वित्तीय सहायता के साथ 3 अतिरिक्त मछली उतरान केंद्रों के लिए इनफ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं के विकास का भी प्रस्ताव दिया है। पीएमएमएसवाई के अंतर्गत विकास के लिए प्रस्तावित मछली उतरान केंद्रों का विवरण अनुबंध-IV में दिया गया है।

*****

**अनुबंध-I**

**मछली उतरान केन्द्रों के संबंध में दिनांक 21 मार्च, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 296 के उत्तर में संदर्भित विवरण : केंद्रीय सहायता के साथ विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आंध्र प्रदेश राज्य में विकसित मत्स्यन बंदरगाह और मछली उतरान केंद्रों का विवरण**

| **क्र.सं.** | **स्थान का नाम** | **मत्स्यन बंदरगाह और मछली उतरान केंद्र** | **परियोजना लागत (लाख रुपये में)** |
|---|---|---|---|
| (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| 1 | विशाखापत्तनम | मत्स्यन बंदरगाह | 2834.00 |
| 2 | काकीनाडा | मत्स्यन बंदरगाह | 973.17 |
| 3 | निज़ामपट्नम | मत्स्यन बंदरगाह | 157.66 |
| 4 | भावनापडु | मत्स्यन बंदरगाह | 340.00 |
| 5 | मछलीपट्टनम | मत्स्यन बंदरगाह | 470.88 |
| 6 | कलिंगपट्नम | मछली उतरान केंद्र | 60.35 |
| 7 | एटिमोगा | मछली उतरान केंद्र | 61.57 |
| 8 | बरुवा | मछली उतरान केंद्र | 83.60 |
| 9 | पेरुपलेम | मछली उतरान केंद्र | 88.86 |
| 10 | नववलरेवु | मछली उतरान केंद्र | 79.35 |
| 11 | चिंतापल्ली | मछली उतरान केंद्र | 79.77 |
| 12 | पुदीमदकारा | मछली उतरान केंद्र | 78.00 |
| 13 | मुक्कम | मछली उतरान केंद्र | 79.77 |
| 14 | मयनाविलंका | मछली उतरान केंद्र | 59.74 |
| 15 | वोडारेवु | मछली उतरान केंद्र | 88.86 |
| 16 | गोंडीसमुद्रम | मछली उतरान केंद्र | 85.62 |
| 17 | इसाकापल्ली पट्टापुपलेम | मछली उतरान केंद्र | 84.86 |
| 18 | थाटीचेत्लापलेम | मछली उतरान केंद्र | 79.00 |
| 19 | बंडारुवनिपेटा | मछली उतरान केंद्र | 81.16 |
| 20 | मायपादु | मछली उतरान केंद्र | 92.84 |
| 21 | कोठापट्टनम | मछली उतरान केंद्र | 92.47 |
| 22 | अन्थेवेदी पल्लेपलेम | मछली उतरान केंद्र | 1698.00 |
| 23 | मांगीपुडी | मछली उतरान केंद्र | 17.00 |
| 24 | लक्ष्मीपुरम | मछली उतरान केंद्र | 366.80 |
| 25 | वोडालारेवु | मछली उतरान केंद्र | 223.40 |
| 26 | गुण्ड्यापलेम | मछली उतरान केंद्र | 184.80 |
| | **कुल** | | **8541.53** |

**अनुबंध- II**

**मछली उतरान केन्द्रों के संबंध में दिनांक 21 मार्च, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 296 के उत्तर में संदर्भित विवरण : आंध्र प्रदेश राज्य में अनुमोदित और चल रही परियोजनाओं में मत्स्यन बंदरगाहों/मछली उतरान केंद्रों का योजना-वार विवरण**

**(करोड़ रुपये में)**

| क्र.सं. | स्थान | सुविधा | ज़िला | अनुमोदन की तिथि | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **नीली क्रांति पर केंद्र प्रायोजित योजना: मात्स्यिकी का एकीकृत विकास और प्रबंधन** | | | | |
| **1.1** | जुव्वलदिन्ने | मत्स्यन बंदरगाह | श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर | मार्च, 2019 | 288.80 |
| **1.2** | बिय्यापुथिप्पा | मछली उतरान केंद्र | | मार्च, 2010 | 13.58 |
| **2.** | **प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई)** | | | | |
| 2.1 | विशाखापत्तनम मत्स्यन बंदरगाह का आधुनिकीकरण और उन्नयन | मत्स्यन बंदरगाह | विशाखापत्तनम | 30.03.2022 | 151.81 |
| 2.2 | भीमिली | मछली उतरान केंद्र | विशाखापत्तनम | 30.03.2022 | 24.864 |
| 2.3 | चिंतापल्ली | मछली उतरान केंद्र | विजयनगरम | 30.03.2022 | 23.736 |
| 2.4 | राजय्यपेटा | मछली उतरान केंद्र | अनकापल्ली | 30.03.2022 | 24.774 |
| 2.5 | पुदीमदका | मत्स्यन बंदरगाह | अनकापल्ली | 25.10.2022 | 387.00 |
| 2.6 | बुदुगातलापलेम | मत्स्यन बंदरगाह | श्रीकाकुलम | 25.10.2022 | 386.20 |
| 2.7 | कोठापट्टनम | मत्स्यन बंदरगाह | प्रकाशम | 25.10.2022 | 364.00 |
| **3.** | **फिशरीज एंड एक्वाकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड (रियायती वित्तपोषण के लिए)** | | | | |
| 3.1 | उप्पदा | मत्स्यन बंदरगाह | पूर्वी गोदावरी | 30.03.2020 | 289.40 |
| 3.2 | मछलीपट्टनम | मत्स्यन बंदरगाह | कृष्णा | 30.03.2020 | 252.00 |
| 3.3 | निज़ामपट्नम | मत्स्यन बंदरगाह | गुंटूर | 30.03.2020 | 340.78 |
| 3.4 | वोडारेवु | मत्स्यन बंदरगाह | प्रकाशम | 30.03.2020 | 409.22 |
| | **कुल** | | | | 2956.164 करोड़ रुपये |

अनुबंध- III

**मछली उतरान केन्द्रों के संबंध में दिनांक 21 मार्च, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 296 के उत्तर में संदर्भित विवरण : सागरमाला के अंतर्गत लैंडसाइड सुविधाओं के साथ फ्लोटिंग जेटी के विकास के लिए प्रस्तावित मछली उतरान केन्द्रों का विवरण**

| **क्र.सं** | **मछली उतरान केन्द्र का नाम** | **ज़िला** | **कुल परियोजना लागत (रुपये करोड़ में)** |
|---|---|---|---|
| 1 | इद्दिवनिपलेम | श्रीकाकुलम | 29.20 |
| 2 | बंडारुवनिपेटा | श्रीकाकुलम | 25.96 |
| 3 | मुक्कम | विजयनगरम | 31.69 |
| 4 | भीमिली | विशाखापत्तनम | 20.36 |
| 5 | मुत्यालमपलेम | अनकापल्ली | 15.91 |
| 6 | कुम्भाभिसेकम | काकीनाडा | 66.42 |
| 7 | बालसुटिप्पा | कोनासीमा | 20.17 |
| 8 | अंतरवेदीपल्लीपलेम | कोनासीमा | 8.66 |
| 9 | एटिमोगा | कृष्णा | 14.67 |
| 10 | लक्ष्मीपुरम | बापतला | 12.38 |
| 11 | दुग्गरजापटनम | तिरुपति | 17.79 |
| 12 | भीमुलावरिपलेम | तिरुपति | 16.29 |
| | **कुल** | | **279.5** |

*****

अनुबंध- IV

**मछली उतरान केन्द्रों के संबंध में दिनांक 21 मार्च, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 296 के उत्तर में संदर्भित विवरण:**

**(1) आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के अंतर्गत मत्स्य के स्वच्छ संचालन के लिए इनफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना के लिए प्रस्तावित मछली उतरान केंद्रों का श्रेणी-वार विवरण**

| क्र.सं. | गतिविधि का नाम | इकाइयों की संख्या | कुल परिव्यय (रुपए करोड़ में) |
|---|---|---|---|
| क | 4000 से अधिक टीपीए के साथ 200 क्राफ्ट से ऊपर श्रेणी ए समुद्री मछली उतरान केंद्र | 16 | 4.00 |
| ख | 2000 टीपीए से 4000 टीपीए के साथ 100 से 200 शिल्प के साथ श्रेणी बी समुद्री मछली उतरान केंद्र | 33 | 5.313 |
| ग | 100 से कम शिल्प और 2000 टीपीए से कम के साथ श्रेणी सी समुद्री मछली उतरान केंद्र | 119 | 14.042 |
| घ | जलाशयों में श्रेणी डी अंतर्देशीय मछली उतरान केंद्र | 32 | 3.20 |
| | **कुल** | **200** | **26.555** |

**टीपीए: टन प्रति वर्ष**

**(2) प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के अंतर्गत इनफ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं के विकास के लिए आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित मछली उतरान केंद्रों का विवरण**

| क्र.सं. | परियोजना स्थान | ज़िला | अनुमानित परियोजना लागत (रुपये करोड़ में) |
|---|---|---|---|
| 1 | रायदारुवु | तिरुपति | 25.025 |
| 2 | धोंडावाका | अनकापल्ली | 25.025 |
| 3 | उप्पलंका | काकीनाडा | 6.006 |
| | | **कुल** | **56.056** |

*****